अमर उजाला 26/03/2026

निवेश में मनोविज्ञान की भूमिका अहम : मनपरिया

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में प्रबंधन और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्यवहारिक वित्त विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक मनपरिया सिंह ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार मानवीय भावनाएं और मनोवैज्ञानिक कारक वित्तीय निर्णयों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों से समझाया कि बाजार में निवेश के दौरान तर्क से ज्यादा मनोविज्ञान की भूमिका होती है। संवाद